अनुक्रमांक .......................................  समय : 2.00 घण्टा

नाम ...............................................  पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2019
## (प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** बाल अधिकार का प्रस्ताव पारित किया- **(1)**

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ (B) भारत सरकार

(C) यूनेस्को (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** शिक्षा को संविधान की किस अनुसूची में रखा गया है? **(1)**

(A) केन्द्रिय सूची (B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**3.** भारत में आधुनिक शिक्षा का जन्मदाता किसे माना जाता है? **(1)**

(A) चार्ल्स ग्राण्ट (B) क्लाइव

(C) बैंटिक (D) कार्नवालिस

**4.** निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 किस अनुच्छेद के द्वारा बनाया गया है? **(1)**

(A) 21 (क) (B) 27

(C) 29 (ग) (D) 23 (क)

**5.** वुड का घोषणा-पत्र किस वर्ष आया? **(1)**

(A) 1857 (B) 1889

(C) 1854 (D) 1851

**6.** देश के प्रत्येक जनपद में डायट की स्थापना की संस्तुति किस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत की गयी ? **(1)**

(A) 1986 (B) 1978

(C) 1981 (D) 1991

**7.** निस्पन्दन या छनाई सिद्धान्त के प्रतिपादक थे- **(1)**

(A) बैटिंक (B) आकलैण्ड

(C) मैकाले (D) एडम स्मिथ।

**8.** सभी को शिक्षा उपलब्ध कराने से सम्बन्धित है- **(1)**

(A) ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड (B) नवोदय विद्यालय

(C) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद् (D) उपर्युक्त सभी।

**9.** ह्रास (अपव्यय) की समस्या है- **(1)**

(A) बीच में ही विद्यालय छोड़कर बच्चे का चला जाना (B) बच्चे का अनुत्तीर्ण होना

(C) विद्यालय में अनुपस्थित रहना (D) उपर्युक्त सभी।

**10.** BEP क्या है? **(1)**

(A) बेसिक शिक्षा परियोजना (B) जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम

(C) विद्यालय शिक्षा की तैयारी कार्यक्रम (D) इनमें से कोई नहीं।

**11.** मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य है- **(1)**

(A) बच्चों के नामांकन में वृद्धि करना

(B) बच्चों को विद्यालय में पूरे समय तक रोके रखना

(C) स्कूल आने के लिए प्रेरित करना

(D) उपर्युक्त सभी।

**12.** भारत सरकार ने सन् 1992 में संशोधित कार्यान्वियन कार्यक्रम को कितने खण्डों में बाँटा है? **(1)**

(A) 10 खण्डों में

(B) 23 खण्डों में

(C) 15 खण्डों में

(D) 8 खण्डों में।

**13.** ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना का सुझाव दिया था- **(1)**

(A) राममूर्ति समीक्षा समिति, 1990

(B) यशपाल, 1993

(C) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986

(D) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968

**14.** एन.पी.ई.जी.ई.एल. में किस कक्षा की अपवंचित लड़कियों के अध्ययन करने का प्रावधान है? **(1)**

(A)

(B)

(C)

(D)

**15.** जनशाला कार्यक्रम के अन्तर्गत कौन-सी संस्थाएँ वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही हैं? **(1)**

(A) यू.एन.डी.पी.

(B) यू.एन.एस.पी.ए.

(C) यूनीसेफ

(D) उपर्युक्त सभी।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** स्वतंत्रता के समय भारत में साक्षरता कितने प्रतिशत थी? **(1)**

**17.** लार्ड मैकाले ने अपने विवरण-पत्र में भारत में शिक्षा का क्या उद्देश्य बताया? **(1)**

**18.** ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड का क्या उद्देश्य था? **(1)**

**19.** पोषाहार वितरण योजना में कितने कैलोरी ऊर्जा बालकों को देने की व्यवस्था है? **(1)**

**20.** एन.सी.एफ., 2005 का अस्तित्व किस रिपोर्ट के आधार पर आया? **(1)**

**21.** शिक्षा के सार्वभौमीकरण से क्या आशय है? **(1)**

**22.** बाल अधिकारों की घोषणा कब और किसके द्वारा की गई? **(1)**

**23.** पी. मोस्ट कार्यक्रम का पूरा नाम लिखिए। **(1)**

**24.** विद्यालयोन्मुखी कार्यक्रम से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**25.** सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का प्रेरक वाक्य क्या है? **(1)**

**26.** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय का संक्षिप्त परिचय दीजिए। **(1)**

**27.** NCERT के प्रमुख कार्य लिखिए। **(1)**

**28.** डी.पी.ई.पी. का प्रारम्भ किस योजना के आधार पर किया गया? **(1)**

**29.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या सूची, 2005 में शिक्षक के क्या दृष्टिकोण हैं? **(1)**

**30.** भारत में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा की उन्नति में मुख्य कठिनाई क्या हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**32.** शिक्षा के क्षेत्र में प्राच्य-पाश्चात्य विवाद क्या है? **(2)**

**33.** ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड कार्यक्रम के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**34.** लार्ड मैकाले के शिक्षा के दोष क्या थे? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**35.** प्राथमिक शिक्षा का विशेष अनुस्थापन कार्यक्रम (SOPT) के प्रमुख उद्देश्य एवं घटक बताइए। **(2)**

**36.** बेसिक शिक्षा परियोजना के क्या उद्देश्य हैं? **(2)**

**37.** स्कूल चलो अभियान का वर्णन कीजिए। **(2)**

**38.** राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना को समझाइए। **(2)**

**39.** वुड घोषणा-पत्र की मुख्य विशेषताओं को लिखिए । **(2)**

**40.** 'शिक्षा बिना बोझ के' इस सन्दर्भ में 'यशपाल' समिति ने अपने सुझाव में क्या-क्या कहा है? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/2019

2. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

3. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN